समाचार

# पम्प हाउस पैनल में खराबी के कारण कोरबा पश्चिम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

कोरबा 09 जुलाई 2020 –निगम के जलउपचार संयंत्र स्थित 29 एम.एल.डी. क्षमता वाले रा.वाटर पम्प हाउस के पैनल में आकस्मिक खराबी आने के कारण कोरबा पश्चिम क्षेत्र के दर्री, बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन में पेयजल की आपूर्ति 02 से 03 दिन के लिए बाधित रहेगी, निगम द्वारा पैनल के सुधार का कार्य कराया जा रहा है। पैनल में आयी आकस्मिक खराबी के परिणाम स्वरूप उक्त क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति न होने से आमनागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए निगम ने खेद व्यक्त किया है।